संख्या- 15/2019 / 107 /71-1-2019-जी-89/2017

प्रेषक

मुकेश कुमार मेश्राम,
सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 30 जनवरी, 2019

विषयः- वित्तीय वर्ष 2018-19 में राजकीय मेडिकल कालेजों में हास्पिटल मैनेजमेन्ट सिस्टम की स्थापना हेतु अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद-46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय में पुनर्विनियोग के माध्यम से अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एमई/बजट/2018-19/667, दिनॉक 10-01-2019 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत पूँजी लेखा पक्ष में डा0 राम मनोहर लोहिया इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेस, गोमती नगर, लखनऊ हेतु मानक मद-24-वृहद निर्माण कार्य में रू0 1500.00 लाख (रू0 पन्द्रह करोड़ मात्र) की बचत को 06 राजकीय मेडिकल कालेजों एवं 02 संस्थानों में ई-हास्पिटल मैनेजमेन्ट सिस्टम लागू किए जाने हेतु मानक मद-46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय में रू0 1500.00 लाख (रू0 पन्द्रह करोड़ मात्र) पुनर्विनियोग कर व्यय किये जाने की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है।

2- स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनॉक 30 मार्च, 2018 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- जिस मद से पुनर्विनियोग प्रस्तावित किया गया है, उस मद में अतिरिक्त धनराशि की मॉग वित्तीय वर्ष 2018-19 में नहीं की जाएगी।

5- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक "4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूँजीगत परिव्यय-03-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-15-राजकीय मेडिकल कालेजों में हास्पिटल मैनेजमेन्ट सिस्टम की स्थापना-46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय" के नामे डाला जायेगा तथा संलग्न बी0एम0-9(1) के स्तम्भ-1 में उल्लिखित लेखाशीर्षक में हो रही बचतों से वहन किया जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-99/दस-2019, दिनॉक 29 जनवरी, 2019 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

29/01/19

(मुकेश कुमार मेश्राम)
सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

http://chasanadesh.up.nic.in

संख्या:- 15/2019 / 107 (1)/71-1-2018 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर, आगरा, झाँसी, मेरठ, इलाहाबाद, गोरखपुर।
4- निदेशक, हृदय रोग संस्थान, कानपुर तथा जे0 के0 कैंसर संस्थान, कानपुर।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- कोषाधिकारी, कानपुर, आगरा, झाँसी, मेरठ, इलाहाबाद, गोरखपुर।
7- नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अनिल कुमार)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

प्रपत्र–9(1) (संदर्भः बजट मैनुअल का प्रस्तर–158) (इस पत्र को भरने से पूर्व पीछे छपे अनुदेशों को भली–भांति देख लिया जाय)

अनुदान संख्या–31–चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण	वित्तीय वर्ष 2018–19	प्रपत्र–बी0एम0–9	(रू0 लाख में)

निम्नलिखित निधियों से प्रस्तावित संकमण				वित्त विभाग द्वारा भरा जायेगा	
लेखा शीर्ष (15 डिजिट कोड में) पूंजी	आवेदन पत्र देने के दि0 उपलब्ध अनुदान/विनियोग	आवेदन पत्र देने के दि0 पर उपलब्ध बचत	संकमित की जाने वाली धनराशि	वित्त विभाग द्वारा संकमण हेतु अनुमोदित धनराशि	संकमण के पश्चात शेष अनुदान/विनियोग (2–5)
1	2	3	4	5	6
4210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूँजीगत परिव्यय–03–चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान –105–एलोपैथी–04–डा0 राम मनोहर लोहिया इन्स्टीटयूट आफ मेडिकल साइन्सेज, गोमती नगर, लखनऊ					
24–वृहत निर्माण कार्य–	16000.00	1500.00	1500.00	1500.00	14500.00
योग–	**16000.00**	**1500.00**	**1500.00**	**1500.00**	**14500.00**

निम्नलिखित निधियों में प्रस्तावित संकमण				वित्त विभाग द्वारा भरा जायेगा	
लेखा शीर्ष (15 डिजिट कोड में) पूंजी	वित्तीय वर्ष के लिए उपलब्ध अनुदान/विनियोग	वित्तीय वर्ष में प्रत्याशित कुल व्यय	संकमण हेतु प्रस्तावित धनराशि (9–8)	वित्त विभाग द्वारा अनुमोदित संकमण की धनराशि	संकमण के पश्चात उपलब्ध अनुदान/विनियोग (8+11)
7	8	9	10	11	12
4210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूँजीगत परिव्यय–03–चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान –105–एलोपैथी–15–राजकीय मेडिकल कालेजों में हास्पिटल मैनेजमेन्ट सिस्टम की स्थापना–					
46–कम्पयूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	1000.00	2500.00	1500.00	1500.00	2500.00
योग–	**1000.00**	**2500.00**	**1500.00**	**1500.00**	**2500.00**

1–स्तम्भ–3 में उपलब्ध बचत का कारण निम्नानुसार है :–

वित्तीय वर्ष 2018–19 में अनुदान संख्या–31 के अन्तर्गत राजस्व पक्ष में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष डा0 राम मनोहर लोहिया इन्स्टीटयूट आफ मेडिकल साइन्सेज, गोमती नगर, लखनऊ हेतु मानक मद–24–वृहत निर्माण कार्य में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष रू0 1500.00 लाख की बचत संभावित है।

2–स्तम्भ–8 में उल्लिखित उपलब्ध अनुदान के सापेक्ष स्तम्भ–9 में अंकित अधिक व्यय निम्नलिखित कारणों से है :–

प्रदेश के 6 राजकीय मेडिकल कालेजों एवं संस्थानों में ई–हास्पिटल मैनेजमेन्ट सिस्टम लागू किये जाने हेतु लोकल एरिया नेटवर्क इन्फास्ट्रक्चर के लिये आमंत्रित की गयी निविदा में चयनित निविदादाता मेसर्स इन्स्पिरा इण्टरप्राइज इण्डिया प्रा0 लि0 , नई दिल्ली द्वारा कोट की गयी धनराशि रू0 3151.27 लाख के साथ जी0एस0टी0 की धनराशि रू0 567.22 लाख सहित कुल धनराशि रू0 3718.50 लाख है। चयनित फर्म को कुल रू0 1041.88 लाख का भुगतान किया जा चुका है एवं अवशेष धनराशि का भुगतान किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2018–19 में राजकीय मेडिकल कालेजों में हास्पिटल मैनेजमेन्ट सिस्टम की स्थापना हेतु मानक मद–46–कम्पयूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय में पुनर्विनियोग के माध्यम से रू0 1500.00 लाख की धनराशि का प्रस्ताव प्रेषित है।

3–प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त पुनर्विनियोग में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर 150 एवं 151 में निर्दिष्ट प्रतिबन्धों/परिसीमाओं का उल्लघंन नहीं होता है।

आर0ई0 संख्या– 315, दिनांक –29-1-2019

सेवा में,

महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद

(अनिल कुमार)
उप सचिव
चिकित्सा शिक्षा विभाग

(शंकेश्वर त्रिपाठी)
विशेष सचिव
वित्त विभाग

संख्या– 15/2019/107/71-1-19-01-89/2017,

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1– संबंधित विभागाध्यक्ष (नियंत्रक अधिकारी)
2– कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3– निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
4– वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1 (तीन प्रतियों में)
5– गार्ड फाइल।

(अनिल कुमार),
उप सचिव

Anu S.P.M.